<u>प्रेस.विज्ञप्ति</u> दिनांक : **06.03.2021**

दिनांक 06 मार्च, 2021 को समय सायं 05:00 बजे मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं कानपुर पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में **"कानपुर में पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्त्व की धरोहरों के प्रति नागरिकों की अभिरुचि बढ़ाने"** पर एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया ।

मर्चेंट्स चेम्बर के अध्यक्ष मुकुल टंडन ने कानपुर पंचायत के पदाधिरकारियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि कानपुर की ऐतिहासिक धरोहर के प्रति नागरिको की अभिरुचि बढ़ाने एवं कानपुर पर्यटन के विकास में यदि चेम्बर का थोड़ा सा भी योगदान हो सकेगा तो यह चेम्बर के लिए गौरव की बात होगी । हम सबको मिलकर कानपुर के पर्यटन के बढ़ावे के लिए प्रयासरत रहना होगा तथा कानपुर पर्यटन विकास की दिशा भी निर्धारित करनी होगी जो क्रमबद्ध तरीके से आगे बढ़ सके ।

इतिहासवेत्ता श्री मनोज कपूर ने गोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्ध जनों को कानपुर के इतिहास के बारे में विस्तारपूर्वक बताया ।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निष्चय किया गया कि कानपुर परिक्षेत्र के पुरातात्विक स्थानों के पर्यटन हेतु रविवार 14 मार्च 2021 को पुरातात्विक पर्यटन कार रैली का आयोजन किया जायेगा। यह रैली कानपुर फूलबाग से प्रातः 8:30 पर आरम्भ होकर भीतरगाव, प्रचीनतम ईटों का मंदिर, बेहटा स्थित जगन्नाथ (मानसून) मंदिर, निबियाखेड़ा के प्रचीन मंदिर, खजुहा का बादषाही बाग, तथा तेदुली के प्राचीन ईटों के मंदिर का भ्रमण करते हुये सायंकाल 6 बजे फूलबाग में समाप्त होगी।

बैठक में 24 मार्च 2021 को कानपुर दिवस तथा 28 जून 2021 को नानासाहब राज्याभिषेक दिवस आयोजित करने हेतु योजना पर विचार हुआ साथ ही संस्था से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने एवं कानपुर के दर्षनीय पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थलों पर साहित्य प्रकाषन के बारे में भी योजना प्रस्तुत की गयी।

गोष्ठी के अन्त में धन्यवाद-ज्ञापन मर्चेंट्स चेम्बर के उपाध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया ने देते हुए कहा कि कानपुर में जीना और कानपुर के लिए जीना दोनों में अंतर है इसलिए हम सबको कानपुर के लिए जीना है और नित्य-निरन्तर अपने कानपुर शहर के उत्तरोत्तर विकास में सहायक बनना है।

बैठक में डॉ. जे.एन. गुप्ता, श्री शेष नारायण त्रिवेदी, श्री प्रेम मनोहर गुप्ता, श्री संजय त्रिवेदी, मर्चेंट्स चेम्बर के सचिव महेंद्र नाथ मोदी, कानपुर पंचायत के संयोजक धर्म प्रकाष गुप्त, सहसंयोजक सुदीप गोयनका, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

धन्यवाद